उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या : 78/छप्पन–14–05/11
लखनऊ : दिनांक 03 ~~फरवरी~~ मार्च 2014

कार्यालय–ज्ञाप

नागरिक उड्डयन विभाग, उत्तर प्रदेश के अधीन अनुरक्षण सुरक्षा एवं सामान्य प्रशासन इकाई,, उ0प्र0, लखनऊ में शासन के आदेश संख्या– 1536/छप्पन–2010–26/08 टी0सी0, दिनांक 03 दिसम्बर, 2010 के परिप्रेक्ष्य में शासनादेश संख्या 1654/छप्पन–2011– 05/11, दिनांक 09 जनवरी, 2012 द्वारा श्री लवप्रीत सिंह को हेलीकाप्टर अनुरक्षण अभियन्ता के पद पर नियत मासिक पारिश्रमिक रूपये 1,25,000/– (रूपये एक लाख पच्चीस हजार मात्र) पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 02 वर्ष की अवधि के लिए संविदा पर नियुक्त किया गया था। इस परिप्रेक्ष्य में श्री लवप्रीत सिंह द्वारा दिनांक 10 जनवरी, 2012 के पूर्वान्ह में अपना कार्यभार ग्रहण किया था, जिसकी अवधि दिनांक 09.01.2014 को समाप्त हो रही है। चूँकि हेलीकाप्टर अनुरक्षण अभियन्ता के पद पर श्री लवप्रीत सिंह की सेवाओं की अभी आवश्यकता है। अतः सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदय हेलीकाप्टर अनुरक्षण अभियन्ता के पद पर श्री लवप्रीत सिंह की संविदा अवधि दिनांक 10.01.2014 से आगामी 01 वर्ष (अर्थात 09.01.2015 तक) के लिए पूर्व में प्राप्त हो रहे नियत मासिक पारिश्रमिक रूपये 1,25,000/– (रूपये एक लाख पच्चीस हजार मात्र) पर बढ़ाये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– श्री लवप्रीत सिंह को उक्त संविदा अवधि में उपर्युक्त नियत मासिक पारिश्रमिक के अतिरिक्त अन्य कोई भत्ते देय नहीं होंगे। उपर्युक्त शर्तों के अधीन रहते हुए उन पर संविदा सेवा अवधि में अन्य शर्तें वही लागू होंगी, जो अस्थायी कर्मचारियों पर लागू होती हैं और वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–2, भाग–2 के सहायक नियम 157–ए तथा तत्सम्बन्धी शासनादेशों के अन्तर्गत उन्हें अस्थायी राज्य कर्मचारियों की भांति अवकाश देय होगा।

3– श्री लवप्रीत सिंह से संविदा पर नियुक्ति के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर पुनः अनुबन्ध–पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

(एस0के0 रघुवंशी)
सचिव।

श्री लवप्रीत सिंह
हेलीकाप्टर अनुरक्षण अभियन्ता,
नागरिक उड्डयन निदेशालय,
(अनुरक्षण, सुरक्षा एवं सामान्य प्रशासन इकाई),
उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।

संख्या : 78(1)/छप्पन–14–तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– निदेशक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि श्री लवप्रीत सिंह से निर्धारित प्रपत्र पर पुनः अनुबन्ध पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2– महालेखाकार–प्रथम (आडिट/लेखा), उ0प्र0, इलाहाबाद।
3– मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4– वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।
5– वित्त (व्यय–नियंत्रण) अनुभाग–7
6– वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–1/2
7– कार्मिक अनुभाग–1
8– गार्ड फाईल।

आज्ञा से
(एस0के0 रघुवंशी)
सचिव।